हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 संभागायुक्त ने आधुनिक पद्धतियों से खेती करने...



07 एनएच 44 पर अवैध कटों को चिन्हित कर पूरी तरह...



# सेवा की अनूठी मिसालः टीम संडे का सुकून के मोक्ष वाहन ने एक साल में 200 परिवारों का संबल बनकर बढ़ाया हाथ

## निःशुल्क सेवा, राम भजनों की गूंज और सेवाभाव, शहर से लेकर गांव तक शोकाकुल परिवारों का सारथी बना वाहन

**सीहोर।** जब किसी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटता है और कोई अपना साथ छोड़ जाता है तो उस कठिन घड़ी में अंतिम संस्कार की व्यवस्थाएं जुटाना एक बड़ी चुनौती होती है। शहर की जागरूक युवाओं की टोली टीम संडे का सुकून ने इसी पीड़ा को समझा और आज से ठीक एक साल पहले शहर में मोक्ष वाहन सेवा की शुरुआत की थी। इस सेवा ने सफलतापूर्वक अपना एक साल पूरा कर लिया है, जो अब शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ा संबल बन गई है।

टीम संडे का सुकून ने बताया कि पिछले एक साल के सफर में यह मोक्ष वाहन 200 से अधिक शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंच चुका है। मात्र एक कॉल पर वाहन प्रशिक्षित चालक के साथ मृतक के निवास पर पहुंच जाता है। वाहन के भीतर व बाहर



गूंजते राम भजन वातावरण में एक आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, जो शोकाकुल परिजनों को संबल देने का काम करते हैं।

### बिना किसी शुल्क के उठाई बड़ी जिम्मेदारी

सबसे खास बात यह है कि इस पूरी सेवा का प्रबंधन और आर्थिक भार टीम संडे का सुकून खुद ही उठाती है। टीम ने जानकारी दी कि साल भर में वाहन के संचालन पर लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये का खर्च आया है। इसमें प्रशिक्षित वाहन चालक का वेतन, डीजल का खर्च और वाहन का रखरखाव शामिल है।

**मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते चालक :** मोक्ष वाहन के चालक केवल गाड़ी ही नहीं चलाते, बल्कि वे अंतिम विदाई की प्रक्रियाओं में हाथ बंटाकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय भी देते हैं। टीम सदस्यों के अनुसार सेवा का दायरा केवल शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों से सूचना मिलने पर भी टीम तत्परता से वहां पहुंचती है।

### शहरवासियों ने सराहा युवाओं का जज्बा

टीम संडे का सुकून के इस सेवाभावी कार्य की नगर में मुक्त कंठ से सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि जहां आज के दौर में हर चीज व्यापार बन गई है, वहीं इन युवाओं ने निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा का जो बीड़ा उठाया है, वह प्रेरणादायी है। टीम ने बताया कि इस सेवा के लिए हमने मोबाइल नंबर 8120205052 जारी कर रखा है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी सेंगर का शाजापुर स्थानांतरण

**नलखेड़ा।** उपायुक्त (विकास), परियोजना अधिकारी जिला पंचायत व बडौद जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ जितेंद्र सिंह सेंगर का आगर मालवा जिले से शाजापुर स्थानांतरण हो गया। सेंगर को शाजापुर जिला पंचायत का परियोजना अधिकारी एवं जनपद पंचायत शाजापुर का प्रभारी सीईओ का चार्ज दिया गया। सेंगर ने नलखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ का प्रभार के साथ आगर मालवा जिले में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करवाया और विकास कार्यों को गति प्रदान की। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास, योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सुधारों में उनका योगदान रहा है। सेंगर के शाजापुर स्थानांतरण पर आगामी आदेश तक बडौद तहसीलदार भंवर सिंह चौहान को बडौद जनपद पंचायत का प्रभार दिया गया है।



### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 85 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## किराए के मकान में चल रहा था बनाने का कारखाना, 792 किलो नकली घी जब्त

# सीहोर शहर के बाजार में भी खूब खप रहा था सांची का नकली घी !

सीहोर शहर के कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक बाजार में सांची घी की भारी मांग का फायदा उठाकर कुछ लालची दुकानदार चंद रुपयों के ज्यादा मुनाफे के चक्कर में इस नकली घी को बेच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मप्र के सबसे भरोसेमंद ब्रांड सांची के नाम पर मौत का सामान बेचने वाले एक बड़े गिरोह का प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। जावर तहसील के ग्राम डोडी में लंबे समय से चल रही एक अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर टीम ने करीब 792 किलो नकली घी और भारी मात्रा में पैकिंग मटेरियल जब्त किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस नकली घी की सप्लाई सीहोर शहर के कई बाजार में भी धड़ल्ले से की जा रही थी। सीहोर शहर के कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक बाजार में सांची घी की भारी मांग का फायदा उठाकर कुछ लालची दुकानदार चंद रुपयों के ज्यादा मुनाफे के चक्कर में इस नकली घी को बेच रहे हैं। यह जहर सांची की हूबहू दिखने वाली पैकिंग में आता है, जिससे आम ग्राहक असली और नकली का फर्क नहीं कर पाता।

### किराए के मकान में चल रहा था मौत का खेल

जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा और खाद्य निरीक्षक



कीर्ति मालवीय के नेतृत्व में हुई इस छापामार कार्रवाई ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया है। यह फैक्ट्री डोडी निवासी मानसिंह सेंधव के मकान में संचालित हो रही थी, जिसे कल्याणपुरा निवासी गौरव वर्मा ने किराए पर ले रखा था। जैसे ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, आरोपी गौरव वर्मा वहां से फरार होने में कामयाब रहा।

### फैक्ट्री सील, अब कार्रवाई की तैयारी

तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने बताया कि आरोपी वनस्पति घी में मिलावट कर उसे सांची के रैपर में पैक करता था और बाजार में असली बताकर खपाता था। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रशासन ने मकान मालिक के माध्यम से संचालक को लाइसेंस और फूड सेफ्टी से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। वैध दस्तावेज न होने पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और खाद्य अपमिश्रण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या-क्या मिला मौके पर

प्रशासन की टीम जब फैक्ट्री के अंदर दाखिल हुई तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। छापे के दौरान 792 किलो नकली घी जो वनस्पति घी और अन्य रसायनों को मिलाकर तैयार किया गया था। सांची कंपनी के भारी मात्रा में फर्जी रैपर और पैकिंग डिब्बे। वनस्पति घी के कई खाली और भरे हुए टीन जब्त किए हैं।

## जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स पर अभद्रता का आरोप, सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के दुर्व्यवहार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे के साथ हुई अभद्रता का सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित दांगी समाज के दर्जनों लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार श्यामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने पुत्र को जन्म दिया था। जन्म के कुछ समय बाद ही नवजात की तबीयत बिगडने लगी, जिस पर वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया। परिजन उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां का अनुभव बेहद कड़वा रहा।

**आधी रात को निजी अस्पताल जाने की आई नौबत :** परिजनों का आरोप है कि जब वे नवजात को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स ने उनके साथ बेहद अभद्र और अमानवीय व्यवहार किया। परिजनों ने बताया कि नर्स के व्यवहार से वे इतने आहत और भयभीत हुए कि उन्हें रात के अंधेरे में ही अपने बच्चे की जान बचाने के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज मिलना तो दूर, वहां उन्हें अपमानित होना पड़ा।

### दांगी समाज ने खोला मोर्चा

इस घटना की जानकारी मिलते ही दांगी समाज के प्रतिनिधि और सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में तैनात कर्मचारी जनता के सेवक हैं, न कि उनके साथ दुर्व्यवहार करने के लिए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आरोपी स्टाफ नर्स को तत्काल चिन्हित कर उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**भविष्य में पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी :** समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मांग की है कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी गरीब या असहाय मरीज के साथ इस तरह का व्यवहार न हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं होती है तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## फिर बढ़ी ठंड : 24 घंटे में 5 डिग्री लुढ़का पारा, फरवरी माह में तीन बार बदला मौसम

**सीहोर।** जिले में एक बार फिर ठंड ने वापसी कर ली है। मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह बीते 24 घंटों में 5 डिग्री की गिरावट है। सोमवार को यही तापमान 15 डिग्री सेल्सियस था। अचानक ठंड बढ़ने से लोगों को सुबह अलाव का सहारा लेना पड़ा। हालांकि सुबह 9 बजे के बाद धूप निकलने से हल्की गर्माहट महसूस हुई।

**फरवरी में बदलता रहा मौसम :** फरवरी महीने में मौसम लगातार बदलता रहा है। पहले सप्ताह में घना कोहरा रहा। दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी। तीसरे सप्ताह के आखिर में तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश हुई। अब चौथे सप्ताह की शुरुआत फिर तेज ठंड के साथ हुई है। इस उतार-चढ़ाव से लोगों को कभी ठंड तो कभी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।



**बारिश से किसानों को परेशानी:** हाल ही में हुई बारिश से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। गेहूं और चने की कटाई के समय बारिश होने से कटी हुई फसलें भीग गईं। अब किसान उन्हें सुखाने में जुटे हैं। पिछले तीन दिनों तक जिले में काले बादल छाए रहे और लगातार बारिश होती रही। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. तोमर ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और हवाओं की दिशा बदलने के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बदलता रह सकता है।

### पिछले दिनों का न्यूनतम तापमान

17 फरवरीः 19 डिग्री
18 फरवरीः 15 डिग्री
19 फरवरीः 11 डिग्री
20 फरवरीः 12 डिग्री
21 फरवरीः 11 डिग्री
22 फरवरीः 11 डिग्री
23 फरवरीः 15 डिग्री
24 फरवरीः 10 डिग्री

## जनता ने ओवर नाईट रूकवाने की मांग रखी, आमजन में दिखा खासा उत्साह

# सासंद और विधायक ने एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का स्वागतकर, ट्रेन को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने लम्बे समय से जनता के द्वारा की जा रही रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद गोरखपुर एवं बान्द्रा

टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस ठहराव की मांग को पूरा कर दिया। एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का फूल मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। ट्रेन के ठहराव शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान ही जनता ने ओवर नाईट ट्रेन को रूकवाने की मांग सासंद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय के समक्ष रख दी। कार्यक्रम को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने संबोंधित करते हुए स्टेशन पर अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज कराने सहित अव्य सुविधाओं को भी शीघ्र पूरा कराने की बात कहीं।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन,मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि मंच पर दिखाई दिए। स्टेशन पर पहुंचे डेली अपडाउनर्स एसोसिएशन भोजपुरी समाज, ब्राहम्ण समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा को अन्य सभी टश्रेनों के ठहराव के लिए ज्ञापन दिया।

## एसडीएम न्यायालय ने बुजुर्ग मां को दिलाया भरण-पोषण का अधिकार

**सीहोर।** जिले के ग्राम पीपलिया मीरा निवासी कमला बाई ने अपने भरण-पोषण के लिए जब कानून का दरवाजा खटखटाया तो यह मामला केवल एक पारिवारिक विवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के सामने बुजुर्ग माता-पिता की स्थिति का एक वास्तविक चित्र भी प्रस्तुत करता है। पति के निधन के बाद उन्होंने अपने पुत्र के सहारे जीवन यापन की उम्मीद की थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि उन्हें अपने ही घर से अलग रहना पड़ा और भरण-पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर होना पड़ा।

कमला बाई ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पिछले एक वर्ष से उनके पुत्र संजय द्वारा उन्हें घर में नहीं रहने दिया जा रहा है तथा उनकी भूमि के उपयोग में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। भरण-पोषण की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें रिश्तेदारों के यहां रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने जीवन निर्वाह हेतु भरण-पोषण राशि दिलाने का आग्रह किया। एसडीएम तन्मय वर्मा ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और पुत्र को न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान जब पुत्र माता का भरण पोषण नही करने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाया, तब न्यायालय ने आदेश देते हुए उसे अपनी माता को प्रतिमाह 1500 रुपये भरण-पोषण राशि देने के आदेश दिए। यह प्रकरण यह भी दर्शाता है कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। साथ ही यह समाज के लिए एक संदेश भी है कि बुजुर्ग माता-पिता को सम्मानजनक जीवन देना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि बच्चों की जिम्मेदारी और सामाजिक संवेदनशीलता का भी विषय है।

## दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए



**नलखेड़ा।** जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार पूर्व में चिह्नांकित दिव्यांग बच्चों को शासन से प्राप्त उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को जनपद शिक्षा केन्द्र पर आयोजित शिविर में उज्जैन से ऑडियोलॉजिस्ट मनोज टेक्नीशियन गौरव कुमार एमआरसी गिरधारीलाल बाघेला की उपस्थिति में विकासखंड नलखेड़ा के 34 बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, रोलेटर हियरिंग ब्रेल किट टीएलएम किट कैलीपर्स आदि सहायक उपकरण वितरण किए गए। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी विकासखंड स्रोत समन्वयक चंदनबाला फाफरिया बीएसी जन शिक्षक और कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कुएं से हुई मोटर पंप व केबल चोरी

**चापडा।** इन दिनों खेतों पर स्थित मोटर पंप व केबल चोरी होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। अज्ञात बदमाशों द्वारा इन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ग्राम चापड़ा के किसान मनोहर रावत की कृषि भूमि ग्राम हाटपीपल्या रोड़ पर स्थित है। किसान के अनुसार 23 फरवरी को दिन में अपनी कुएं कि मोटर को बन्द कर कर अपने घर आए और अगली सुबह 24 फरवरी को फिर से मौटर चलाने हुए तो कुएं कि मीटर केबल, रस्सा, फुडवाल सभी सिचाई के साधन रात में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए। इस संबंध में पुलिस थाना बागली पर लिखित आवेदन भी दिया गया है। किसान का कहना है कि आवेदन के बाद भी पुलिस मौका निरक्षण करने नहीं पहुंची।

### पौधों को नुकसान पहुंचाने पर लगा जुर्माना

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार एबी रोड विकास नगर चौराहा से सनसीटी 1 तक ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अपना कार बाजार, चामुण्डा मोटर्स के संचालाकों द्वारा कार पार्किंग कर पौधों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, जिसको लेकर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दोनो संचालकों पर मौके पर ही राशि रूपये 8 हजार की स्पॉट फाईन की कार्यवाही की गई। निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस ने अपना कार बाजार एवं चामुण्डा मोटर्स के संचालकों से कहा कि जितने पौधों को नुकासान पहुंचाया गया है उन पौधों को स्वंय के व्यय पर पुनः रौपें।

### अभियान अंतर्गत शिविर किया आयोजित

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनकच्छ में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 491 मरीजों का परीक्षण किया गया।

## संभागायुक्त आशीष सिंह ने किसान कल्याण वर्ष-2026 के तहत जिले का किया दौरा

# संभागायुक्त ने आधुनिक पद्धतियों से खेती करने वाले किसानों के खेतों में जाकर फसलों का किया अवलोकन





### बैलेंस शीट वाले किसान के खेतों का अवलोकन कर अधिकारी भी हुए आश्चर्यचकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संभागायुक्त आशीष सिंह ने बुधवार को देवास जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर आधुनिक पद्धतियों से खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों के खेतों में जाकर फसलों का अवलोकन किया। इस दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने ग्राम मेंढकी धाकड़ के किसान जगदीश नागर द्वारा आधुनिक पद्धति से की जा रही खेती का अवलोकन किया। सिंह ने आधुनिक पद्धति से की जा रही खेती के संबंध में जानकारी ली। किसान जगदीश नागर द्वारा बताया कि 05 हजार वर्ग फीट जमीन से 55 हजार रूपये की लौकी का उत्पादन कर रहे है। पहले वह पारम्परिक फसलें लगाते थे, लेकिन उनको इससे ज्यादा मुनाफा नहीं होता था। परन्तु जब से उन्होंने उद्यानिकी फसलों की खेती करना प्रारम्भ किया, तब से अच्छा मुनाफा हो रहा है।

उन्होंने खेत में टमाटर, ड्रैगन फुड, गोभी, धनिया, खरबूजा आदी फसलें आधुनिक पद्धति के माध्यम से की जा रही है। वे खेतों में सिंचाई के लिए ड्रीप, और मल्चिंग खेती पद्धति का उपयोग कर रहे हैं। किसान नागर साल में तीन फसल ले रहे हैं। संभागायुक्त सिंह ने कृषक श्री नागर द्वारा आधुनिक पद्धति से की जा रही खेती की सराहना भी की। ग्राम जामगोद में किसान कैलाश पटेल किए जा रहे केंचुआ खाद उत्पादन कार्य अवलोकन किया। इस दौरान किसान पटेल ने बताया कि 30 हजार रूपये की पूंजी लगाकर काम शुरू किया। उन्होंने मेहनत व सही तकनीक से इसे 03 लाख रूपये के टर्नओवर वाले मुनाफे के व्यवसाय में बदल दिया। वे जैविक एवं कैचुआ खाद



06 रूपये प्रतिकिलो दर पर विक्रय कर रहे है। कैचुओं को 500 रूपये प्रतिकिलो की दर पर विक्रय कर रहे है। किसान कैलाश पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को पारंपरिक खेती से हटकर नवाचार अपनाने के आह्वान से प्रेरित होकर उन्होंने यह कदम उठाया।

ग्राम अरनिया जागीर तहसील सोनकच्छ के किसान नारायण सिंह सेंधव के खेत पर पहुंचकर संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर ऋतुराज भी आश्चर्य चकित रह गए जब किसान ने बताया कि वह खेती को उद्योग के रूप में कर रहे हैं। हर काम की बैलेंस शीट तैयार है कब पौधा लिया, कितना खर्चा हुआ, कब पानी दिया, कब खाद दी। किसान नारायण सिंह सेंधव ने आधुनिक खेती की नई परिभाषाओं को गढ़ते हुए जो बातें बताई वह वास्तव में आश्चर्यचकित करने वाली थी। नारायण सिंह बताते हैं कि वह साल में एक एकड़ में 8 लाख रुपए तक का करेला बेच देते हैं। उनकी करेला फसल को मंगलवार के दिन 80 रूपये किलो के हिसाब से मंडी में खरीदा गया है, जल्दी सफेद करेले की फसल भी उनके तैयार हो जाएगी जिसको अनुमानित 105 से 110 रूपये किलो के हिसाब से विक्रय कर पाएंगे। किसान नारायण सिंह सेंधव ने बताया कि इसके साथ ही उन्होंने फसलों के पौधे बनाने की लिए 15 लाख की सीडलिंग मशीन भी खरीदी है। जिससे यह एक दिन में चार लाख से अधिक सीडलिंग कर 20 दिन में पौधे तैयार कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि सात जिलों के किसान उनसे जुडकर पौधे क्रय कर आधुनिक तरीके से खेती कर रहे हैं। पौधों को बीमारियों से बचने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। किसान नारायण सिंह ने बताया कि उनके द्वारा जो बीज लगाए जाते हैं उनमें 90 प्रतिशत से अधिक पौधों का अंकुरण होकर विक्रय के लिए तैयार हो जाते हैं, उन्हें पोलिनेशन और नेटनेशन के माध्यम से पौधों को जीवित रखने के लिए अलग पद्धतियां उपयोग की हैं। उद्यानकी विभाग के द्वारा उनको शासन की योजना से राशि भी अनुदान राशि के रूप में प्रदान की गई। किसान नारायण सिंह ने बताया कि उन्होंने खेती को भी उद्योग के रूप में लिया है और 14 हेक्टेयर के खेत से साल में 20 से 25 लाख रुपए तक की आय बड़े आराम से निकाल लेते है। उनके द्वारा 40 से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया है, 06 सुपरवाइजर भी रखें है जो लगातार हर काम की मॉनीटरिंग करते रहते हैं। संभाग आयुक्त सिंह ने किसान के खेत पर पॉलीहाउस एवं सेडनेट में विकसित हो रहे पौधों का अवलोकन भी किया। किसान ने इजराईल पद्धति पर आधारित विकसित फसलों का अवलोकन कराया। संभाग आयुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गंधर्वपुरी स्थित किसान रविंद्र कुशवाहा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे जैविक खेती के लिए नवाचार आधारित समाधानों का अवलोकन भी किया। किसान श्री रविंद्र कुशवाहा मिट्टी सुधारक, किट प्रबंधन के जैविक घोल एवं जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक उत्पाद बनाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे है। किसान श्री कुशवाहा के इस नवाचारित प्रयासों से लगभग 200 से 300 किसान प्रोत्साहित हुए एवं खेती में प्राकृतिक उत्पादों उपयोग कर रहे है।इस दौरान पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, एसडीएम अभिषेक शर्मा, उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक, उप संचालक उद्यानिकी राजू बड़वाया, आत्मा से एमएल सोलंकी, मण्डी सचिव अरविंद परिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### संभाग आयुक्त सिंह ने कृषि विज्ञान मेला का किया अवलोकन

संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी देने, खेती में लगने वाले कृषि आदान, उन्नत बीज, खाद, दवाई एवं नवीनतम कृषि उपकरण, उन्नत सिंचाई के साधन की जानकारी एक ही स्थान पर दिलाने के उद्देश्य से मिलेट मिशन एवं राष्ट्रीय तिलहन मिशन ऑन इडिबल आइल योजनान्तर्गत कृषि उपज मंडी देवास में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का अवलोकन किया। संभाग आयुक्त सिंह ने किसानों से चर्चा की और मूंग की जगह उड़द की फसल की तरफ शिफ्ट होने का आग्रह किया। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले में नवीनतम कृषि उपकरण, उर्वरक, कीटनाशक, खाद, बीज, उन्नत सिंचाई के साधन एवं कृषि विज्ञान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवोलकन भी किया।

# ट्रेचिंग ग्राउंड पर मिले गोवंश अवशेषः गो सेवकों और निगम कर्मचारियों के बीच मारपीट हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के ट्रेचिंग ग्राउंड पर गोवंश के मृत अवशेष और चमड़ी खुले में मिलने के बाद मंगलवार को विवाद हो गया। इस मामले में गौ सेवकों और नगर निगम कर्मचारियों के बीच मारपीट हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर गो सेवा संस्था से जुड़ी सिया सिंह परिहार अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंची थीं। सिया सिंह परिहार ने आरोप लगाया कि वे केवल स्थिति देखने गए थे, लेकिन वहां मौजूद नगर निगम कर्मचारियों और उनके साथियों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने नाहर दरवाजा थाने में एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, नगर निगम कर्मचारी शैलेंद्र सोलंकी दरोगा ने बताया कि वह ट्रेचिंग ग्राउंड पर गायों को दफनाने और अवशेष उठाने का काम करते हैं। उनके अनुसार, गौ सेवकों ने उनके साथ बदसलूकी और मारपीट की। इसके बाद उन्होंने भी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। नाहर



दरवाजा थाना प्रभारी अमित सिंह सोलंकी ने जानकारी दी कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

### कार्रवाई की मांग की

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड में गौ माता के अवशेष पाए जाने शिवसेना ने जिला कलेक्टर को आवेदन देते दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने आवेदन में बताया कि है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से एक वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में गौ माता के मृत शरीर खुले में पड़े दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियमानुसार मृत गौवंश को विधिवत भूमि में दफनाया जाना चाहिए, किंतु नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि खुले में पड़े अवशेषों को कुत्ते नोचते हुए देखे गए, जो न केवल असंवेदनशीलता को दर्शाता है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे कुत्तों का आसपास खुलेआम घूमना भी नागरिकों के लिए खतरा बताया गया है। 24 फरवरी को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कुछ हिंदू संगठन के लोग वहां की व्यवस्था देखने के लिए गए हुए थे, लेकिन वहां पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा संगठन के पदाधिकारी व महिला कार्यकर्ता के साथ दूरव्यवहार कर मारपीट की गई। जो अत्यंत निंदनीय हैं शिवसेना ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच हेतु समिति गठित की जाए तथा ट्रेंचिंग ग्राउंड के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों सहित समस्त दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# बस ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी, बाइक सवार की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे 59 ए पर कालापाठा के पास एक यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी देते हुए बिजवाड़ के अजय जामले ने बताया कि कालापाठा के पास अंकित ढाबे के समीप यादव बस इंदौर से हरदा की ओर जा रही थी तभी बिजवाड से इंदौर की ओर जा रहे युवक प्रदीप पिता जितेंद्र देवडा निवासी बिजवाड को यादव बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ओवरटेक करने के दौरान युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना लगभग मंगलवार की शाम 5 से 6 बजे के बीच की है। गुस्साए ग्रामीणों व परिवार जनों ने बिजवाड़



चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने चक्का जाम कर दिया। वही ग्रामीणो का कहना है की यादव बस के सेठ को मौके पर बुलाया जाए व एक करोड़ का चेक मृतक युवक के परिवार को दिलाया जाए। यादव बस की तेज गति पर अंकुश लगाया जाए ओर यादव बस के चालक पर सख्त से सख्त करवाई की जाए। बिजवाड़ चौकी प्रभारी अजय राजपूत ने ग्रामीणों से चर्चा कर जाम खोलने की अपील भी की लेकिन ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। मृतक युवक परिवार का एक ही कमाने वाला सदस्य था होली के बाद उसकी शादी भी थी।

## बागली पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल ढूंढ निकाला

# गुमशुदगी दर्ज होने के 14 दिन बाद खंडवा से किया बरामद







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुलिस थाना बागली अंतर्गत 10 फरवरी को एक नाबालिग बालिका लापता हो गई थी जिसको लेकर परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद लगातार पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई थी,लेकिन सफलता नहीं मिली रही थी। बालिका के ना मिलने के कारण परिजन काफी परेशान थे, व समाज जनों द्वारा पुलिस थाना बागली पर एक आवेदन दिया गया था जिसने बालिका को 48 घंटे में ढूंढ कर लाकर देने की बात कही थी। आवेदक को तत्परता के साथ गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला एवं पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी राकेश चौहान ने गम्भीरता से कार्रवाई करते हुएमुखबिर सूत्रों के आधार पर उक्त नाबालिक बालिका को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला ने बताया है कि 24 फरवरी की रात्रि को बालिका को बरामद कर लिया गया था। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। बुधवार के दिन दोनों को पुलिस थाना बागली पर लाया गया जहां पर नाबालिक बालिका के बयान दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पुलिस की सक्रियता के चलते सकुशल बालिका को बरामद किया गया है। बालिका मिलने के बाद परिजनों ने भी राहत कि सास ली है। नाबालिग बालिका विगत 14 दिवस से लापता थी जिसको वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना प्रभारी बागली अभिनव शुक्ला एवं चौकी प्रभारी चापड़ा उनि राकेश चौहान के नेतृत्व मे आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस टीम लगातार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ढूंढ रही थी। पुलिस को अहम सूचना प्राप्त हुई कि उक्त नाबालिग बालिका को ग्राम नांदखेड़ा रायत थाना पुनासा जिला खंडवा से पकड़ा गया।

आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ पर उसने बताया इंस्टाग्राम के जरिए हम दोनों ने आपस में बात की।10 तारीख को मुझे साथ ले गया, गिरफ्तार आरोपी विकास पिता सुंदरलाल जाति कौरकू, उम्र 19 साल निवासी नांदखेड़ा रायत थाना पुनासा जिला खंडवा का रहने वाला है। जिस पर तत्काल पुलिस के द्वारा विशेष टीम को रवाना उक्त टीम के द्वारा नाबालिग बालिका को मंगलवार को जिला खण्डवा से सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रकरण मे नाबालिग बालिका द्वारा दिये गये पुलिस कथन एवं न्यायालय के समक्ष बतलाये गये साक्ष्यो के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर परिजनों से दूर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अभिनव शुक्ला, उप निरीक्षक राकेश चौहान ,पार्वती डाबर ,प्रधान अरक्षक सुनीता कवचे ,अनिल डामोर ,बलराम परमार ,अरुण चौहान ,महेश सिसोदिया ,सैनिक गुलाब सिंह एवं साइबर सेल प्रधान आरक्षक सचिन चौहान का योगदान रहा।

# 10 दिवसीय बाबा भवरनाथ महाराज के मेले का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में चल रहे 10 दिवसीय बाबा भवॅरनाथ महाराज के मेले का मंगलवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल हेड़ा, कार्यक्रम के विशेष अतिथि करण सिंह यादव,मदन लाल बैरागी थे। सभी अतिथि शाम 7:00 बजे बाबा भवॅरनाथ महाराज के मेले में पधारे व सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा भवॅरनाथ व भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। उज्जैन के शिवानी डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना एव शिव वंदना, सहित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसके बाद समापन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 10 दिनों तक मेले में अपनी दुकान लगाकर रखने वाले व्यापारियों को बाबा भवॅरनाथ का चित्र व प्रशंसनीय पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा,पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी का स्वागत किया गया।

वही इस अवसर पर भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, थाना प्रभारी अनीता सिंह, विद्युत मंडल अधिकारी मंसूर अली, मंदिर पुजारी चंद्रशेखर शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश यादव, कमल पटेल शादी खेड़ा, रमेश चंद हेड़ा, मुकेश कुमावत, डॉ. मोहन माली, पप्पू पहलवान सहित आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंतिम बोडाना ने किया एवं आभार नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने माना।

## खबर संक्षेप

### छेड़खानी के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

**ललितपुर।** थाना तालबेहट पुलिस ने छेड़खानी के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लियाहै।पुलिसअधीक्षकमो.मुश्ताक केनिर्देशन, एएसपी व सीओ तालबेहट के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मु.अ.सं. 53/26 धारा 75, 352, 351(3), 324(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी छोटू कुशवाहा उर्फ अवधेश (19 वर्ष) पुत्र हीरालाल को नियमानुसार गिरफ्तार कियागया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई को चौकी प्रभारी तेरई फाटक उ.नि.बलराम शर्मा ने अपनी टीम के साथ अंजाम दिया।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटसेमरा के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने नामजद बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम रजवारा निवासी जगभान कुशवाहा ने बताया कि उनका 23 वर्षीय पुत्र अजय 20 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे राजमिस्त्री का काम करके अपने घर लौट रहा था। जब वह ग्राम पटसेमरा स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे कृष्णकांत पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी चढ़रऊ ने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को तेज गति और गलत साइड से चलाते हुए अजय की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उसके चेहरे, हाथ व पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे में उसके साथ मौजूद साथी प्रकाश भी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा दोनों को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया।पुत्र की मौत से परिवार सदमे में है और घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने जगभान कुशवाहा की तहरीर पर आरोपी कृष्णकांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट व गाली-गलौज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैलवारा में घर में घुसकर महिला से गाली-गलौज, मारपीट और मोटरसाइकिल में तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार ग्राम मेलवारा निवासी शीला देवी अहिरवार (पत्नी भरत अहिरवार) ने बताया कि 20 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे वह घर पर अकेली थीं। इसी दौरान गांव का ही पेलू अहिरवार (पुत्र बिंदू अहिरवार) उनके घर आ गया और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगा।शिकायत में कहा गया है कि जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उनके घुटनों में चोट आई। आरोप है कि आरोपी ने घर के बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल में भी तोडफ़ोड़ की। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी अक्सर गाली-गलौज कर परेशान करता है और इस बार जान से मारने की धमकी भी दी। साथ ही उसके पति के काम को लेकर भी धमकाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घंटाघर की घड़ियां बंद सुध लेने वाला कोई नहीं

**ललितपुर।** बु. वि. सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है कि ललितपुर शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक घंटाघर की घड़ियां महीनों से बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में घंटाघर के घंटे की आवाज सुनकर सुदूर के लोगों को समय का पता चल जाता था। परंतु घंटाघर का यह घंटा सालों पहले मौन हो चुका है। अब रही सही कसर महीनों से घड़ियां खराब होने से पूरी हो चुकी है।

### डीएम ने बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर मंथन किया

# एनएच 44 पर अवैध कटों को चिन्हित कर पूरी तरह से बंद कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सड़क दुर्घटनाओं रोकने हेतु सड़क सुरक्षा अभियान का और प्रभावी रुप से क्रियान्वयन कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के ब्लैक स्पॉटों पर साईनेज व सीसीटीवी कैमरे लगवाने व अवैध कटों को पूरी तरह से बंद कराने के निर्देश दिये।

बैठक में एनएच 44 पर कैलगुवा मार्ग पर ऑवरब्रिज के संचालन होने से रामनगर चौराहे पर दुर्घटनाएं बड़ने की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने वाहनों की सुरक्षा व सुमग यातायात को लेकर एनएच पर दोनो तरफ गति रोधक यंत्र (टीबीएम) लगवाने के निर्देश दिये ताकि वाहनों की रफ्तार धीमी हो सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके लिए उन्होंने बैठक के उपरान्त सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और यातायात प्रभारी व एनएचएआई के अधिकारियों को वाहनों की रफ्तार कम करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अमझरा घाटी मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु गंभीरता दिखाते हुए सागर की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए नेशनल हाईवे सागर को सड़क की वायीं तरफ ले-वाई बनाने के लिए निर्देशित किया।

#### डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं

जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि जनपद के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए ब्लैक स्पोट, होट स्पोट एवं कर्व व रिफ्लेक्टिव टेप, पेड़ों पर जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, आवश्यकतानुसार टी जक्शंक पर ब्रेकर, टेबल टॉप बनवाये जायें तथा डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये, साथ ही नेशनल हाईवे-44 पर सभी अवैध कटों को चिन्हित कर पूर्ण रुप से बंद कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग, परिवहन, यातायात, पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका की संयुक्त टीम बनाकर विभिन्न मार्गों पर अनाधिकृत रुप से खड़े होने वाले वाहनों के लिए होल्डिंग एरिया, लेआउट एरिया व कमरतोडू स्पीड ब्रेकरों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिये, ताकि वाहनों द्वारा अतिक्रमण की समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी शहर में अवैध होर्डिंग्स को हटाये जाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलायें और शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य त्वरिगत गति से करायें और पीए सिस्टम दुरुस्त करायें। अधिशासी अभियंता लोनिवि मार्गों के किनारे झाड़ियों की कटाई के लिए अभियान चलायें व साईनेज लगवायें, जिससे दुर्घटनाएं न हों। यातायात प्रभारी सड़क दुर्घटना में ह्यजीरो फेटिलिटीह्ल हेतु कार्ययोजना तैयार करें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावित व्यक्तियों के लिए ट्रामा केयर आकस्मिक चिकित्सा इकाईयां तैयार करायें और बस चालकों के लिए हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित करायें।

#### सभी डग्गामार वाहनों को सीज करें

उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिये कि सभी डग्गामार वाहनों को सीज करें, बसों की फिटनेस की निगरानी करें और जिला विद्यालय निरीक्षक सभी प्राईवेट विद्यालयों को आदेश जारी करें कि स्कूली वाहनों के चालकों का अनिवार्य रुप से वैरिफिकेशन कराया जाए। यातायात प्रभारी स्टंटबाजों के विरुद्ध चालान व डीएल जब्तीकरण की कार्यवाही करें। इसके साथ ही ओवर लोड वाहनों व हाईवे पर अवैध रुप से खड़े वाहनों पर कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, अपर चिकित्सा अधिकारी शिव प्रकाश, एआरटीओ विपिन चौधरी, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि विजय चन्द्रा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, पुलिस सीसी टीम, आईरेड प्रभारी एनआईसी नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने जांच की मांग की

# सैमराभागनगर में विकास कार्यों व मनरेगा में घोटाले का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड बार की ग्राम पंचायत सैमराभागनगर में मनरेगा व अन्य विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामवासियों ने मेड़बंदी, तालाब खुदाई, नाला सफाई, ग्राम निधि कार्य, पेवर ब्रिक्स, एपेक्स पौधरोपण तथा हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता साधना पत्नी विनोद एवं अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा कार्य कराए जा रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि कई कार्यों में धरातल पर काम नहीं हुआ, जबकि कागजों में जीओ टैगिंग दिखाकर भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि मजदूरों के खातों में पैसा डालकर उनसे अंगूठा लगवाकर राशि निकाल ली जाती है और उन्हें मात्र 500 रुपये देकर टाल दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला सफाई व तालाब खुदाई जैसे कार्य मशीनों (जेसीबी व ट्रैक्टर) से कराए गए, जबकि मनरेगा में यह कार्य श्रमिकों से कराया जाना चाहिए। इसके चलते गांव के गरीब मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा और वे पलायन को मजबूर हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में दिए गए शपथपत्रों और शिकायतों पर औपचारिक जांच दिखाकर निस्तारण कर दिया गया, लेकिन मौके पर वास्तविक जांच नहीं हुई। पेवर ब्रिक्स कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा और गुणवत्ता बेहद खराब बताई जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उच्च स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज करने और सरकारी धन की रिकवरी कराने की मांग की है।

### शराब के नशे में हंगामा किया, इलाज ठप

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी में ग्राम प्रधान की दबंगई, डॉक्टर का हाथ तोड़ा, कपड़े फाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बीती दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शराब के नशे में पहुंचे मरीजों ने डॉक्टर और स्टाफ पर कथित तौर पर हमला बोल दिया। आरोप है कि मारपीट में डॉक्टर का हाथ फ्रैक्चर हो गया, कपड़े फाड़ दिए गए और जान से मारने की धमकी तक दे डाली गई। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और इलाज व्यवस्था कुछ समय के लिए प्रभावित हो गई।कोतवाली पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, इमरजेंसी विभाग में तैनात डा.राजीव कुमार ने शिकायत में बताया कि 23 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3.15 बजे वह ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी घायल अवस्था में शिवा कौशिक निवासी मनगुवा और मुकेश राजपूत निवासी ननौरा इलाज के लिए पहुंचे। डॉक्टर का आरोप है कि दोनों ने अत्यधिक शराब पी रखी थी।तहरीर के मुताबिक, स्टाफ द्वारा उपचार शुरू किए जाने के बाद दोनों ने अचानक इलाज से इनकार कर दिया और डॉक्टर व वार्ड बॉय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों ने कथित तौर पर मारपीट शुरू कर दी।डॉक्टर ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने ग्राम प्रधान कुआतला विजय राजपूत को बुलाया, जिसके मौके पर पहुंचते ही स्थिति और बिगड़ गई। तीनों ने मिलकर डॉक्टर के साथ हाथापाई की, उनके कपड़े फाड़ दिए और चश्मा तोड़ दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ग्राम प्रधान ने डॉक्टर की गर्दन पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। हमले के समय इमरजेंसी में अन्य मरीज भी मौजूद थे, जिससे उपचार कार्य बाधित हुआ और अस्पताल परिसर में हड़कम्प मच गया। डॉक्टर के अनुसार, इस मारपीट में उनके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर सहित गंभीर चोटें आई हैं, जबकि स्टाफ के साथ भी अभद्रता की गई। मामले को गंभीर मानते हुए कोतवाली ललितपुर पुलिस ने डा. राजीव कुमार की तहरीर पर शिवा कौशिक, मुकेश राजपूत और ग्राम प्रधान विजय राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 132, 121(1), 352, 115(2), 324(2) और 351(3) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है।पुलिस का कहना है कि आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी सहित आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, घटना के बाद अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठने लगी है।

### भारतीय मजदूर संघ ने चेतावनी दी, आंदोलन तेज किया जाएगा

# कर्मचारियों की समस्याओं का 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



कर्मचारियों और श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यसमिति ने बुधवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में मजदूर और कर्मचारी वर्ग महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा से बेहद परेशान है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को सरकार द्वारा घोषित मानदेय का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ताओं के साथ भी अन्याय हो रहा है और उन्हें प्रोत्साहन राशि के स्थान पर नियमित मानदेय दिए जाने की मांग उठाई गई है। संगठन ने संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता और नौकरी से निकाले जाने का भय बना रहता है। इनके लिए अब तक कोई ठोस नियमावली भी नहीं बनाई गई है। एनएचएम में कार्यरत संविदा कर्मियों को बीमा, स्थानांतरण और वेतन विसंगतियों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इसके लिए केन्द्र से बजट भी उपलब्ध कराया जा चुका है। भारतीय मजदूर संघ ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों से बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराया जा रहा है और उन्हें उचित वेतन भी नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा 108 और 102 एंबुलेंस सेवा से बर्खास्त कर्मियों की अब तक बहाली नहीं होने से वे आर्थिक संकट में जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञापन में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों में ई-रिक्शा चालक, ऑटो चालक, धोबी, दर्जी, बढ़ई, लुहार, मोची, कुम्हार तथा ग्रामीण व दिहाड़ी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने और उनके पारिश्रमिक तय करने की मांग की गई। पटरी-रेहड़ी दुकानदारों को स्थायी स्थान उपलब्ध कराने और पुलिस उत्पीडऩ बंद करने की भी मांग उठाई गई। संगठन ने बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, सहकारी बैंकों के वेतनमान पुनरीक्षण की विसंगतियां दूर करने, निकायों में वर्षों से वाहन चला रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्राइवर पदों पर समायोजित करने तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस योजना लागू करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी। इसके अतिरिक्त मिड-डे मील कर्मचारियों का मानदेय 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने, संविदा/निविदा सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रुपये वेतनदेने, पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई।

### पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा

# हाईवा खरीद में दो लाख हड़पने का आरोप आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



हाईवा वाहन खरीद के सौदे में धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। झांसी जनपद के थाना बबीना क्षेत्र के ग्राम वधौरा निवासी महेंद्र पुत्र शिवकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसने 6 जनवरी 2025 को तालबेहट निवासी व्यक्ति से हाईवा (रजिस्ट्रेशन संख्या यू.पी. 94 टी 3311) को 12 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। सौदे के तहतपीड़ित नेबतौर पेशगी 1 लाख रुपयेनकदऔर 1.50लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से, कुल 2.50 लाख रुपये दे दिए थे। तय हुआ था कि शेष 9.50 लाख रुपये देने के बाद वाहन उसके नाम ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

महेंद्र का आरोप है कि आरोपी ने न तो वाहन उसके नाम किया और न ही दी गई रकम वापस की। उसने बताया कि फोनपे से दिए गए 50 हजार रुपये लौटाने के बाद आरोपी अब शेष 2 लाख रुपये वापस देने से साफ मना कर रहा है और लगातार टालमटोल कर रहा है। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शेष 2 लाख रुपये दिलवाने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापित कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत ने राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल को एक पत्र सौंपकर संत गाडगे महाराज की मूर्ति ललितपुर सहित महरौनी क्षेत्र में स्थापित कराने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल रजक गोलू ने बताया कि संत गाडगे महाराज ने समाज सुधार की दिशा में अनेक काम किए हैं, जो कि आज भी प्रेरणाश्रोत हैं। उनके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता पर जोर दिया। समाज में फैले अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर करने में उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। ऐसे महापुरूष संत गाडगे महाराज की मूर्ति ललितपुर सहित महरौनी क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर लगावायी जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिल सके। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रजक नीलू, विनोद मिश्रा, बुन्देलखण्ड अध्यक्ष रामगुलाम श्रीवास, विवेक, महेश श्रीवास, एड. रविकांत श्रीवास, मुकेश, प्रभुदयाल, हरिकेश रजक, हरिओम रजक, हरीश, इमरत श्रीवास, कन्हैयालाल रजक, प्रकाश बाबू, लालाराम, भगवानदास, विजय, फूलचंद्र रजक, कृष्णकुमार, राजेन्द्र श्रीवास, विजय, अमित, राममिलन सहित सहित अनेक स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

# प्रवेश द्वार का एमएलसी ने लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड महरौनी की ग्राम पंचायत कुम्हैड़ी में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया। एमएलसी रमा आरपी निरंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं। उन्होंने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि ऐसे लौह पुरुष के सम्मानमें स्थापितयहप्रवेश द्वार आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देगा। लोकार्पण समारोह में महरौनी क्षेत्र तथा ललितपुर जनपद के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुजान पटेल, अरविंद माते, जयराम निरंजन, आशाराम माते, कांशीराम, नीतेश पटेल, अभिषेक विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान प्रकाश निरंजन, रवि रजक, निशांत पटेल, संजय नामदेव, नीरज मिश्रा, कल्याण पटेल, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सूरज माते, बलराम निरंजन, कृपाल गौतम, संतोष पटेल आदि मौजूद रहे।

# दुर्गादास राठौर मूर्ति स्थापना समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राठौर समाज की मुख्य संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शहर के एक निजी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने संगठनात्मक विषयों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वप्रथम वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना के लिए संयोजक समिति के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य संचालन समिति ने नौ सदस्यों के नामों पर मुहर लगाते हुए मूर्ति स्थापना संयोजक समिति का गठन किया। गठित समिति पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष कन्छेदी लाल राठौर, महामंत्री मनोज राठौर, कोषाध्यक्ष अरविन्द राठौर, जिला प्रभारी अशोक राठौर, विनोद राठौर (मुनीम), रविशंकर राठौर, ठेकेदार सुरेन्द्र राठौर, जिला मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर (पत्रकार), पार्षद जितेन्द्र राठौर शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह समिति मूर्ति स्थापना से लेकर उसके रख-रखाव एवं आवश्यक सुझावों के क्रियान्वयन के लिए स्वतंत्र रूप से कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त आगामी अक्षय तृतीया पर विशाल निःशुल्क राठौर आदर्श सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। तय किया गया कि समाज की गरीब कन्याओं के विवाह हेतु जनपद के बाहर तथा अन्य जिलों व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि कम से कम 51 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया जा सके। आगामी 15 दिनों के भीतर आदर्श सामूहिक विवाह समिति के पदाधिकारियों का गठन बोली प्रक्रिया से किया जाएगा। समिति ने यह भी अपील की कि यदि कोई समाज बंधु अपने प्रियजन की स्मृति में उक्त कार्यक्रम कराना चाहता है तो वह शीघ्र मुख्य संचालन समिति से संपर्क करे। इसी क्रम में सामाजिक होली मिलन समारोह 3 मार्च मंगलवार को आयोजित करने की घोषणा की गई।

### सड़क सुरक्षा माह में जन-जागरूकता के साथ चेकिंग अभियान चलाया

# यातायात पुलिस का अभियान, 193 वाहनों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (फेज-2) के अंतर्गत यातायात पुलिस ललितपुर ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन जन-जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ।अभियान के दौरान वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। विशेष रूप से दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया पर तीन सवारी न बैठाने तथा रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बचने की हिदायत दी गई। साथ ही कोहरे के दौरान धीमी गति, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और हेडलाइट, फॉग लाइट व रिफ्लेक्टर के सही उपयोग पर जोर दिया गया। यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव को गंभीर अपराध बताते हुए वाहन चालकों से नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। अभियान के तहत जनपद के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 193 वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस ललितपुर ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

